13 डिजिटल साक्षरता

हम सीखेंगे

- डिजिटल अंकों की पहचान एवं लिखना
- चित्र में प्रदर्शित आँकड़ों की समझ
- मोबाइल फ़ोन से संबंधित दैनिक जीवन की समस्या हल करना

डिजिटल संख्याएँ

आप पैसा निकालने बैंक जाते हैं। बैंक में आपको एक टोकन दिया जाता है। आपका नंबर बारह है जो खिड़की पर लगी मशीन में इस प्रकार दिखता है।

12

रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी संख्या, प्लेटफ़ार्म नंबर देखने के लिए भी ऐसे ही अंकों का इस्तेमाल किया जाता है।

गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम	प्लेटफ़ार्म नंबर
12398	महाबोधि एक्सप्रेस	8
12429	राजधानी एक्सप्रेस	5

इसी तरह के अंक मंडी में भाव देखने, तापमान देखने, मेट्रो स्टेशन आदि पर स्क्रीन पर डिस्प्ले होते हैं।

आपके कैलकुलेटर की स्क्रीन पर भी इसी तरह के अंक होते हैं। अंकों की बनावट को पहचानना आपके लिए ज़रूरी है।

0 1 2 3 4 5 6 7 8 9

स्क्रीन पर इसी बनावट के अंक डिस्प्ले होते हैं। यदि आपका टोकन नंबर एक सौ तेइस है तो बताइए वह स्क्रीन पर किस तरह डिस्प्ले होगा।

आप अपनी फसलों की पैदावार की तुलना दूसरों से करते हैं या अपनी गेहूँ की पैदावार की तुलना पिछले वर्ष की पैदावार से करते हैं, तो ऐसी तुलना करने के लिए चित्र बहुत उपयोगी होते हैं।
गीता— "अरे वाह! मेरे पास 1 बोरी गेहूँ ज़्यादा है।"
देखकर ही गीता को कैसे पता लगा?

गीता को पता करना था कि किस दल की सरकार बनने वाली है। गीता टी.वी. पर चुनावी नतीजों से जुड़ी खबरें देख रही है। जिस दिन चुनाव के नतीजे आते हैं तो टी.वी. पर इस तरह के चित्र बने होते हैं जिससे यह समझना आसान हो जाता है कि कौन-से दल को ज़्यादा सीटें मिली हैं।

चित्र देखकर बताइए-

- सबसे ज़्यादा सीटें कौन-से दल को मिली हैं?
- सबसे कम सीटें कौन-से दल को मिली हैं?



शिक्षक-निर्देश— सहभागियों की पहचान डिजिटल अंकों से कराएँ। उन्हें ऐसे अवसर दिए जाएँ जिसमें डिजिटल अंकों का पढ़ना एवं लिखना शामिल हो।

इसी तरह हम अपने आस-पास देखकर भी अन्य जानकारियाँ इकट्ठी करते रहते हैं। गीता ने अपने खेत में फलों के पेड़ भी लगाएँ हैं।

चित्र देखकर बताओ कि—

- आम के पेड़ खेत के ______________ भाग में लगे हैं।



- अमरूद के पेड़ खेत के ______________ भाग में लगे हैं।
- नींबू के पेड़ खेत के ______________ भाग में लगे हैं।

गीता टी.वी पर ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट मैच देख रही है। अंतिम छह ओवरों में बने रनों की संख्या को चित्र में दर्शाया गया है।

चित्र देखकर बताइए-

प्रश्न 1. सबसे ज़्यादा रन किस ओवर में बने हैं? आपको ऐसा क्यों लगता है?

प्रश्न 2. किस ओवर में सबसे कम रन बने हैं?

प्रश्न 3. 10 रन किस ओवर में बने हैं?

प्रश्न 4. 15वें ओवर में कितने रन बने हैं?



मैच देखने के बाद गीता अपने मोबाइल में रीचार्ज कराने एक दुकान पर गई। उसे नीचे दिए गए प्लान में से एक प्लान चुनना था। नीचे दिए गए प्लान में उनकी कीमत और उनकी वैधता दी गई है।

प्लान	₹155	₹179	₹479
वैधता	24 दिन	28 दिन	56 दिन

(क) कौन-सा रीचार्ज गीता के लिए फ़ायदेमंद रहेगा?

(ख) अगर गीता ने ₹179 का रीचार्ज कराया और उसने दुकानदार को ₹500 का नोट दिया, तो उसे कितने रुपए वापिस मिलेंगे?

(ग) गीता ने रीचार्ज 18 मार्च को करवाया और उस प्लान की वैधता 28 दिन थी। तो उसे अगला रिचार्ज कब करवाना होगा?

मार्च

रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30	31		

अप्रैल

रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	30

CNCERT

▪ देखिए, पढ़िए और बातचीत कीजिए

आप अपने मोबाइल में इनमें से किन-किन का उपयोग करते हैं? सही (✓) का निशान लगाइए-

घड़ी

कैलेंडर

व्हाट्सऐप

एस.एम.एस.

कैलकुलेटर

गूगल मेप

यू-ट्यूब



ई-मेल

फ़ेसबुक

संपर्क सूची

DIKSHA

दीक्षा

टॉर्च

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों के साथ एक-एक करके दिए गए चित्रों की पहचान करवाएँ। उन चित्रों के नीचे लिखे शब्द पढ़वाएँ। उनके इस्तेमाल के बारे में बातचीत करें। हो सकता है कि कुछ सहभागी इनके इस्तेमाल और कामों से परिचित न हों।